(1)

204

मध्यप्रदेश शासन
उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय
वल्लभ भवन, भोपाल
//आदेश//

भोपाल, दिनांक 14/03/2014

कमांक 376/2604/12/38-3 : राज्य स्तर पर उच्च शिक्षा हेतु, योजना तैयार करने एवं शिक्षण संस्थाओं, विश्वविद्यालयों तथा राज्य शासन के मध्य समन्वय स्थापित करने हेतु निकाय की आवश्यकता है, इस हेतु अन्य राज्यों की तरह एवं भारत सरकार मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA) में दिए गए सुझाव अनुसार मध्यप्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद् स्थापना की अवधारणा रखी गई है। परिषद् की स्थापना से अकादमिक उत्कृष्टता हेतु नीति निर्माण के लिये अनुकूल वातावरण निर्मित होगा। अतः उपरोक्त उद्देश्यों की पूर्ति हेतु एक स्वायत्त प्राधिकारी के रूप में भारत सरकार द्वारा निर्धारित की गई शर्तों के अनुरूप मध्यप्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद् का गठन निम्नानुसार किया जाता है–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | मध्यपदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग का प्रभारी मंत्री | चेयरमेन (अध्यक्ष) |
| 2 | सरकार द्वारा नामांकित एक विख्यात शिक्षाविद् | वाईस चेयरमेन (उपाध्यक्ष) |
| 3 | मुख्य कार्यपालन अधिकारी | सदस्य–सचिव |
| 4 | राज्य विधान मण्डल के अधिनियम द्वारा मध्यप्रदेश में स्थापित राज्य निधि प्राप्त विश्वविद्यालय का एक कुलपति | सदस्य |
| 5 | राज्य परियोजना के संचालकगण | सदस्य |
| 6 | विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का नामनिर्देशिती जो संयुक्त सचिव की पद श्रेणी से निम्न श्रेणी का न हो | सदस्य |
| 7 | दस विख्यात शिक्षाशास्त्री, मध्यप्रदेश से पांच तथा अन्य राज्य से पांच जो विभिन्न शैक्षणिक क्षेत्र के हो जिनमें से दो महिलाएं एवं दो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति वर्ग के राज्य सरकार द्वारा नामांकित | सदस्य |
| 8 | प्रमुख सचिव/सचिव मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग | पदेन–सदस्य |
| 9 | प्रमुख सचिव/सचिव मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग | पदेन–सदस्य |
| 10 | सचिव, राज्य योजना आयोग | पदेन–सदस्य |
| 11 | प्रमुख सचिव/सचिव मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग | पदेन–सदस्य |
| 12 | आयुक्त उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश | पदेन–सदस्य |
| 13 | प्रमुख सचिव/सचिव तकनीकी शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, किसान कल्याण एवं कृषि, संस्कृति एवं जनसंपर्क | पदेन–सदस्य |

2. परिषद् के संचालन हेतु विस्तृत नियम/निर्देश पृथक से जारी किये जायेंगे।

3. यह आदेश इसी संबंध में पूर्व में जारी आदेश कमांक 332/2604/12/38–3 दिनांक 04.03.2014 के स्थान पर जारी किया जा रहा है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

RK 14/3/14
(डॉ. आर.के. विजय)
उप सचिव
म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग

निरंतर...2..

(s)RUSA_14.03.2014.docx

205



पृष्ठां.क. 377/2604/12/38-3 भोपाल, दिनांक 14/03/2014

प्रतिलिपि-

1. माननीय कुलाधिपति के प्रमुख सचिव, राजभवन सचिवालय, भोपाल, म.प्र.।
2. माननीय मंत्री जी उच्च शिक्षा के निज सहायक।
3. सचिव, भारत सरकार मानव संसाधन विकास मंत्रालय, (उच्च शिक्षा) नई दिल्ली।
4. अपर मुख्य सचिव वित्त विभाग म.प्र. शासन, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
5. प्रमुख सचिव म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
6. आयुक्त उच्च शिक्षा, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
7. महालेखाकार म.प्र. ग्वालियर, मध्यप्रदेश।
8. कुलपति/कुलसचिव समस्त विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश।

14/3/14

उप सचिव

म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग

(s)RUSA_14.03.2014.docx

(2)

216

मध्य प्रदेश शासन
उच्च शिक्षा विभाग
मंत्रालय
वल्लभ भवन, भोपाल–462004

## //आदेश//

भोपाल, दिनांक 11/11/2014

क्रमांक 1857/2604/2012/38–3 : राज्य शासन द्वारा आदेश क्रमांक 376/2604/12/38–3 दिनांक 14/03/2014 से गठित उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत स्टेट हायर एजूकेशन काउंसिल में निम्नानुसार अशासकीय सदस्यों का मनोनयन किया जाता है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. नागेश्वर राव, प्रो. वाइस चान्सलर, इग्नू, नई दिल्ली | उपाध्यक्ष |
| 2. | श्री डी.पी. सिंह, वाइस चान्सलर, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर | सदस्य, राज्य द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय का प्रतिनिधि |
| 3. | डॉ. श्री कैलाश, शर्मा, भूतपूर्व प्रोफेसर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर, 167, शांति नगर, दुर्गापुर, रेल्वे स्टेशन के पास, जयपुर–302018 | सदस्य, शिक्षाशास्त्री |
| 4. | प्रो. आशुतोष मंडावी, विभागाध्यक्ष, कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय, रायपुर | सदस्य, शिक्षाशास्त्री |
| 5. | प्रो. के. बी. दास, वाणिज्य विभाग, उत्कल विश्वविद्यालय, वाणी विहार, भुवनेश्वर–751004 | सदस्य, शिक्षाशास्त्री |
| 6. | प्रो. रबीरंजन सेन, इतिहास विभाग, काटवा कॉलेज, 32/2/1 गरियाहार रोड़, कलकत्ता–700031 | सदस्य, शिक्षाशास्त्री |
| 7. | श्री कीर्तन कुमार साहू, छत्तीसगढ़ कॉलेज, रायपुर | सदस्य, शिक्षाशास्त्री |
| 8. | डॉ. देवेन्द्र दीपक, डी–15, शालीमार गार्डन, कोलार रोड़, भोपाल | सदस्य, शिक्षाशास्त्री |
| 9. | डॉ. प्रकाश बरतूनिया, अमलतास फेस–3, चूनाभट्टी, कोलार रोड़, भोपाल | सदस्य, शिक्षाशास्त्री |
| 10. | डॉ. चित्रलेखा चौहान, जबलपुर | सदस्य, शिक्षाशास्त्री |
| 11. | डॉ. शशिराय, पूर्व प्राचार्य, सरोजिनी नायडू महाविद्यालय, भोपाल | सदस्य, शिक्षाशास्त्री |
| 12. | प्रो. खेमसिंह डेहरिया, उपाचार्य, हिंदी विभाग, राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक | सदस्य, शिक्षाशास्त्री |

मध्य प्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार,

RK 11/11/14

(डॉ. आर. के. विजय)
उप सचिव
म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग

निरंतर...2..



o/c

217



पृष्ठां.क. 1856 / 2604 / 2012 / 38–3 भोपाल, दिनांक 11 / 11 / 2014

प्रतिलिपि– की ओर सूचनार्थ।

1. निज सहायक, प्रमुख सचिव, माननीय राज्यपाल, मध्य प्रदेश, राजभवन, भोपाल।
2. निज सहायक, माननीय मंत्री जी, उच्च शिक्षा, भोपाल।
3. निज सहायक, माननीय राज्य मंत्री जी, उच्च शिक्षा, भोपाल।
4. निज सहायक, प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय भोपाल।
5. निज सहायक, आयुक्त, उच्च शिक्षा, सतपुडा, भवन, भोपाल।
6. संबंधित ........................................................................................................ की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
7. स्टॉक फाईल।

11/11/14

उप सचिव

म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग

o/c

Adesh_11.11.2014.docx